इकाई–7

परीक्षा में अधिभार

क.	पाठयक्रमानुसार इकाई एवं विषय वस्तु	इकाई पर आवंटित कुल अंक	वस्तुनिष्ठ प्रश्न	अंकवार प्रश्नों की संख्या			कुल प्रश्न
			1अंक	2 अंक	3 अंक	4 अंक	
01	पत्र लेखन औपचारिक पत्र/ अनौपचारिक पत्र	04	–	–	–	01	01

महत्वपूर्ण बिन्दु

- निर्धारित इकाई से 4 अंक का 1 प्रश्न परीक्षा में पूछा जाएगा।

इकाई–7
पत्र लेखन

प्र.1 विद्यालय के प्राचार्य को शाला शुल्क से मुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखिए।

प्र.2 विद्यालय के प्राचार्य को स्थानान्तरण प्रमाण– पत्र हेतु आवेदन पत्र लिखिए।

प्र.3 विद्यालय के प्राचार्य को बुक–बैंक से पुस्तकें प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लिखिए।

प्र.4 सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल को कक्षा 10 वी अंकसूची की द्वितीय प्रति मँगवाने हेतु आवेदन पत्र लिखिए।

प्र.5 अपने जिले के जिलाधीश महोदय को ध्वनि विस्तारक यंत्र पर रोक लगवाने हेतु आवेदन पत्र लिखिए।

प्र.6 बड़े भाई के विवाह में आमंत्रित करने हेतु मित्र को आमंत्रण–पत्र लिखिए।

प्र.7 परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मित्र को बधाई–पत्र लिखिए।

प्र.8 वार्षिक–परीक्षा की तैयारी के संबंध में पिताजी को पत्र लिखिए।

प्र.9 गर्मियों की छुट्टी में ऐतिहासिक स्थल के भ्रमण पर जाने हेतु 500 रूपये मँगवाने हेतु पिताजी को पत्र लिखिए।

Scanned with CamScanner

13. शाला शुल्क मुक्ति के लिए, आर्थिक कारण बताते हुए, अपने प्राचार्य को आवेदन-पत्र लिखिए।

उत्तर—

सेवा में,

प्राचार्य

शा. बहु. उ. मा. शाला दमोह।

विषय—शिक्षण-शुल्क माफ करने हेतु आवेदन।

माननीय महोदय,

सविनय निवेदन है कि मैं आपके विद्यालय की कक्षा 11वीं 'अ' का एक निर्धन छात्र हूँ। मेरे पिताजी के पास एक बहुत छोटी-सी खेती है, जिसकी कुल वार्षिक आय 4000/5000 रुपया है। मेरे दो भाई-बहिन भी स्थानीय कॉलेज में अध्ययनरत हैं। मेरे घर में केवल मेरे पिताजी ही कमाने वाले सदस्य हैं। उनकी आय से हमारा गुजारा ही मुश्किल से हो पाता है। अतएव मेरे पिता प्रतिमास शिक्षण शुल्क देने में असमर्थ हैं। मैंने गत् वार्षिक परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की है।

अतएव श्रीमान् से प्रार्थना है कि मेरे आवेदन-पत्र पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए मुझे शिक्षण शुल्क में छूट प्रदान करने की कृपा करेंगे ताकि मैं आगे पढ़ सकूँ। आपकी अति कृपा होगी।

सधन्यवाद।

आपका आज्ञाकारी छात्र

नीरज साहू

कक्षा 11 'ब'

दिनांक 14-7-20...

Scanned with CamScanner

6. स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (T.C.) हेतु अपने प्राचार्य को एक आवेदन-पत्र लिखिए।

उत्तर—

प्रति,

प्राचार्य,

शा. उ. मा. शाला मण्डला

जिला-मण्डला (म.प्र.)।

विषय—शाला स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र हेतु।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मैं आपके विद्यालय में कक्षा ग्यारहवीं (अ) का छात्र हूँ। मेरे पिता उपजिलाधीश हैं। उनका स्थानांतरण बालाघाट जिले में हो गया है। अत: मेरा यहाँ अध्ययन जारी रख पाना संभव नहीं है। मैं पिताजी के साथ रहकर ही पढ़ूँगा।

अत: श्रीमान् से प्रार्थना है कि मुझे अतिशीघ्र शाला स्थानांतरण प्रमाण-पत्र दिलाने की कृपा करेंगे ताकि मैं बालाघाट की किसी शाला में शीघ्र प्रवेश ले सकूँ।

आपका आज्ञाकारी छात्र

रमन भूरिया

कक्षा—11 वीं 'अ'

दिनांक 20-06-20...

Scanned with CamScanner

12. परीक्षा काल में ध्वनि विस्तारक यंत्र पर रोक लगाने हेतु जिलाधीश को एक प्रार्थना पत्र लिखिये।

उत्तर—

प्रति,

जिलाधीश महोदय,

जबलपुर (म. प्र.)।

विषय—परीक्षा काल में ध्वनि विस्तारक यंत्र पर रोक लगाने हेतु प्रार्थना पत्र।

महोदय,

विनम्र निवेदन है कि आजकल बोर्ड की परीक्षाएँ चल रही हैं। हम सभी अपनी-अपनी परीक्षा की तैयारी में अध्ययनरत हैं। आजकल शहर में जोर-जोर की आवाज में लाउडस्पीकर बजते रहते हैं। जिससे हम लोगों के अध्ययन में व्यवधान पड़ता है। कृपया शहर में परीक्षा अवधि में लाउडस्पीकर बजाने पर प्रतिबंध लगाकर हमारी समस्या का समाधान करने का कष्ट करेंगे। हम आपके बहुत आभारी रहेंगे।

धन्यवाद

प्रार्थीगण

शास. उ. मा. वि.

पाटन (जबलपुर)

दिनांक— 15-04-20.......

Scanned with CamScanner

17. आप राहुल शुक्ला हैं, आपके मित्र ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है उसे बधाई देते हुए एक पत्र लिखिए।

उत्तर—

परीक्षा भवन

.... केन्द्र,

.... नगर,

25 अप्रैल, 20...

प्रिय मित्र आलोक,

सप्रेम नमस्कार !

कल दसवीं बोर्ड परीक्षा का परीक्षाफल घोषित हुआ और 'नवभारत' दैनिक पत्र में तुम्हारी इस शानदार सफलता के विषय में जानकर अपार हर्ष हुआ। यह तुम्हारी मेहनत व लगन का ही फल है कि तुमने यह सफलता अर्जित की है। सच ! आलोक, तुमने अपने परिश्रम से न केवल माता-पिता, विद्यालय वरन् नगर को भी गौरवान्वित किया है। तुम्हारी इस सफलता पर मैं कितना खुश हूँ ये शब्दों में नहीं बता सकता।

ईश्वर से मेरी प्रार्थना है कि भविष्य में भी तुम इसी तरह सफलता प्राप्त करते रहो तथा जीवन में उन्नति करो। मेरी शुभकामनाएँ सदैव तुम्हारे साथ है। आदरणीय अंकल जी व आंटी जी को प्रणाम तथा अनुज अंकुल को स्नेहाशीष। पत्र की प्रतीक्षा में।

तुम्हारा मित्र

राहुल शुक्ला

Scanned with CamScanner